
TOPPER LEARNING

Get More Marks

# MOST IMPORTANT QUESTIONS



**CBSE**
**Class X B – Hindi**
**Most Important Questions**

## स्पर्श
## गद्य खंड

### Chapter 1: प्रेमचंद

1. बड़े भाई साहब को अपने मन की इच्छाएँ क्यों दबानी पड़ती थीं?
2. बड़े भाई की डाँट-फटकार अगर न मिलती, तो क्या छोटा भाई कक्षा में अव्वल आता? अपने विचार प्रकट कीजिए।
3. इस पाठ में लेखक ने समूची शिक्षा के किन तौर-तरीकों पर व्यंग्य किया है? क्या आप उनके विचार से सहमत हैं?
4. बड़े भाई साहब ने जिंदगी के अनुभव और किताबी ज्ञान में से किसे और क्यों महत्वपूर्ण कहा है?
5. प्रेमचंद के 'बड़े भाई साहब' कहानी में छोटा भाई लगातार प्रथम आकर भी अपने असफल होने वाले भाई साहब का पूरा सम्मान करता है,इसके पीछे निहित मूल्यों की समीक्षा कीजिए।
6. अहंकार मनुष्य का विनाश करता है- इस कथन को स्पष्ट करने के लिए बड़े भाई साहब ने क्या-क्या उदहारण दिए? अपने शब्दों में वर्णन कीजिए।

### Chapter 2: डायरी का एक पन्ना

1. लोग अपने-अपने मकानों व सार्वजनिक स्थलों पर राष्ट्रीय झंडा फहराकर किस बात का संकेत देना चाहते थे?
2. 'आज जो बात थी वह निराली थी'-किस बात से पता चल रहा था कि आज का दिन अपने आप में निराला है? स्पष्ट कीजिए।
3. जब से कानून भंग का काम शुरू हुआ है तब से आज तक इतनी बड़ी सभा ऐसे मैदान में नहीं की गई थी और यह सभा तो कहना चाहिए कि ओपन लड़ाई

थी।' यहाँ पर कौन से और किसके द्वारा लागू किए गए कानून को भंग करने की बात कही गई है? क्या कानून भंग करना उचित था? पाठ के संदर्भ में अपने विचार प्रकट कीजिए।

4. 'डायरी का पन्ना' पाठ के आधार पर बताइए कि पुलिस ने कैसा दमनचक्र चलाया और क्यों? लोगों ने किस प्रकार उसका मुँहतोड़ उत्तर दिया?
5. मोनुमेंट पर ज्यादा लोग घायल क्यों हुए?
6. स्वतंत्रता आंदोलन अब एक ओपन लड़ाई में तब्दील हो चुका था। यहाँ ओपन लड़ाई से क्या तात्पर्य है?
7. कलकत्तावासियों के लिए 26 जनवरी 1931 का दिन क्यों महत्त्वपूर्ण था?
8. आज जो बात थी वह निराली थी- किस बात से पता चल रहा था कि आज का दिन अपने आप में निराला है? स्पष्ट कीजिए।
9. जुलुस के लाल बाजार आने पर लोगों की क्या दशा हुई? 'डायरी का एक पन्ना' पाठ के आधार पर लिखिए।
10. सुभाष चंद्र बोस के जुलूस में स्त्रियों की क्या भूमिका थी? 'डायरी का पन्ना' पाठ के आधार पर लिखें।

### Chapter 3: तताँरा - वामीरो कथा

1. तताँरा की तलवार के बारे में लोगों का क्या मत था?
2. तताँरा वामीरो की त्यागमयी मृत्यु से निकोबार में क्या परिवर्तन आया?
3. वामीरो से मिलने के बाद तताँरा के जीवन में क्या परिवर्तन आया?
4. रूढियाँ जब बंधन बन बोझ बनने लगें तब उनका टूट जाना ही अच्छा है। क्यों? स्पष्ट कीजिए।

### Chapter 4: अब कहाँ दूसरे के दुख से दुखी होने वाले

1. लेखक की माँ ने पूरे दिन का रोजा क्यों रखा?

2. लेखक ने ग्वालियर से बंबई तक किन बदलावों को महसूस किया? पाठ के आधार पर स्पष्ट कीजिए।
3. प्रकृति में आए असंतुलन के कारण और उसके परिणामों की चर्चा, 'अब कहाँ दूसरे के दुख में दुखी होने वाले' पाठ के आधार पर कीजिए।
4. समुद्र के गुस्से का क्या कारण था और उसने अपना गुस्सा किस प्रकार प्रकट किया?
5. जीव-जंतु और वनस्पति जगत के बारे में लेखक की माँ के क्या विचार थे?
6. 'अब कहाँ दूसरे के दुख से दुखी होने वाले' पाठ में बढ़ती हुई आबादी का पर्यावरण पर क्या कुप्रभाव बताया गया है? अपने शब्दों में लिखें।
7. आशय स्पष्ट करें - धरती किसी एक की नहीं है।
8. शेख अयाज़ के पिता भोजन छोड़कर क्यों उठ खड़े हुए? इससे उनके व्यक्तित्व की किस विशेषता का पता चलता है? 'अब कहाँ दूसरों के दुख से दुखी होने वाले' पाठ के आधार पर लिखिए।
9. 'अब कहाँ दूसरे के दुख से दुखी होने वाले' पाठ का लेखक " मिट्टी मिले खो के सभी निशान" - उक्ति के माध्यम से क्या कहना चाहता है ? उदहारण देकर स्पष्ट कीजिए।
10. 'अब कहाँ दूसरों के दुख से दुखी होने वाले' पाठ के आधार पर स्पष्ट कीजिए कि बढ़ती हुई आबादी का पशुपक्षियों और मनुष्यों के जीवन पर क्या प्रभाव पड़ रहा है? इसका समाधान क्या हो सकता है?

### Chapter 5: पतझर में टूटी पत्तियाँ

1. शुद्ध सोना और गिन्नी का सोना अलग क्यों होता है?
2. पाठ के संदर्भ में शुद्ध आदर्श क्या है?
3. 'गाँधीजी में नेतृत्व की अद्भुत क्षमता थी।' गिन्नी का सोना' पाठ के आधार पर टिप्पणी कीजिए।

4. 'टी सेरेमनी' की तैयारी और उसके प्रभाव की चर्चा कीजिए।
5. 'झेन की देन' पाठ में लेखक ने जापानियों के दिमाग में स्पीड का इंजन लगने की बात क्यों कही है?
6. जापानी लोगों को मानसिक रोग के क्या-क्या कारण बताए गए हैं? आप इनसे कहाँ तक सहमत हैं? तर्कसहित लिखिए।
7. 'शाश्वत मूल्य' से आप क्या समझते हैं? 'गिन्नी का सोना' पाठ के आधार पर बताइए कि वर्तमान समय में इन मूल्यों की क्या प्रासंगिकता है?
8. जापान में तनावमुक्त होने के लिए कौन-सी परंपरा है? इस संबंध में 'झेन की देन' पाठ के लेखक के अनुभूत तथ्य का विवरण प्रस्तुत कीजिए।

### Chapter 6: कारतूस

1. वज़ीर अली के अफसाने सुनकर कर्नल को रॉबिनहुड की याद क्यों आ जाती थी?
2. लेफ्टीनेंट को ऐसा क्यों लगा कि कंपनी के खिलाफ सारे हिंदुस्तान में एक लहर दौड़ गई है?
3. सआदत अली को अवध के तख़्त पर बिठाने के पीछे कर्नल का क्या उद्देश्य था?
4. 'कारतूस' पाठ के आधार पर लिखिए कि सआदत अली कौन था? उसने वजीर अली की पैदाइश को अपनी मौत क्यों समझा?
5. 'कारतूस' पाठ के आधार पर पर सिद्ध कीजिए कि वजीर अली एक नीतिकुशल योद्धा था।
6. वजीर अली ने वकील की हत्या क्यों की?
7. सवार कौन था? उसने कर्नल से कारतूस कैसे हासिल किये? 'कारतूस' पाठ के आधार पर लिखिए।

8. ‘कारतूस’ पाठ के आधार पर सिद्ध कीजिए कि वजीर अली एक जाँबाज सिपाही था।

## काव्य खंड

### Poem 1: कबीर

1. ईश्वर कण-कण में व्याप्त है, पर हम उसे क्यों नहीं देख पाते?
2. संसार में सुखी व्यक्ति कौन है और दुखी कौन? यहाँ 'सोना' और 'जागना' किसके प्रतीक हैं? इसका प्रयोग यहाँ क्यों किया गया है? स्पष्ट कीजिए।
3. कबीर ने अपने दोहे में हिरण का उदहारण किस संदर्भ में दिया है? क्या आप भी कबीर के विचार से सहमत है? अपना उत्तर स्पष्ट रूप से लिखिए।
4. कबीर ने अपने निंदक को अपने पास रखने की सलाह क्यों दी है?
5. कबीर के अनुसार कैसी वाणी का प्रयोग करना चाहिए और क्यों?
6. अंहकार का भाव भक्ति मार्ग की सबसे बड़ी बाधा है। कबीर की साखी के आधार पर सिद्ध कीजिए।

### Poem 2: मीरा

1. मीरा श्रीकृष्ण को पाने के लिए क्या-क्या कार्य करने को तैयार हैं?
2. भाव-भक्ति की जागीर क्यों कहा गया? उसके लिए क्या आवश्यक है? मीरा के पद के आधार पर लिखिए।
3. कौन-कौन से तर्क देकर मीरा कृष्ण से दर्शन देने का आग्रह करती है?
4. कृष्ण की चाकरी से मीरा को क्या लाभ है?
5. मीरा कृष्ण की चाकरी क्यों करना चाहती है? उनका लक्ष्य सांसारिक सुखों की प्राप्ति क्यों नहीं है? मीरा के पद के आधार पर लिखिए।
6. भक्ति के विषय में मीरा क्या संदेश देना चाहती है?
7. मीरा ने अपने पद में हरि से पीड़ा हरने की विनती किस प्रकार की है?

## Poem 3.: दोहे

1. छाया भी कब छाया ढूँढ़ने लगती है?
2. बिहारी की नायिका यह क्यों कहती है - कहि है सबु तेरौ हियौ, मेरे हिय की बात - स्पष्ट कीजिए।
3. कवि बिहारी का विश्वास है कि सच्चे मन में ही राम बसते हैं, बाह्य आडंबर में नहीं। बिहारी-रचित दोहे के संदर्भ में प्रस्तुत कथन की समीक्षा कीजिए।
4. भरे-पूरे घर-परिवार में भी नायक-नायिका कैसे बात करते हैं? बिहारी के दोहे के आधार पर स्पष्ट कीजिए।
5. बिहारी ने माला जपने और तिलक लगाने को व्यर्थ कहकर क्या संदेश देना चाहा है?
6. बिहारी ने सारे जगत को तपोवन- सा क्यों कहा है? इससे कवि क्या संदेश देना चाहता है?
7. गोपियों द्वारा श्रीकृष्ण की बाँसुरी छिपाए जाने में क्या रहस्य है? 'दोहे' कविता के आधार पर अपने शब्दों में लिखिए।
8. बिहारी ने ईश्वर प्राप्ति ने किन साधनों को साधक और किनको बाधक माना है?

## Poem 4: मनुष्यता

1. उदार व्यक्ति की पहचान कैसे हो सकती है? या कवि ने उदार व्यक्ति के क्या-क्या लक्षण बताएँ हैं?
2. कवि ने कैसी मृत्यु को सुमृत्यु कहा है?
3. 'मनुष्यता' कविता के माध्मय से कवि ने किन गुणों को अपनाने का संकेत दिया है? तर्क-सहित उत्तर दीजिए।
4. 'मनुष्यता' कविता में कवि ने किन महान व्यक्तियों का उदहारण दिया है उनके माध्यम से क्या संदेश देना चाहा है?
5. 'मनुष्यता' कविता के आधार पर किन्हीं तीन मानवीय गुणों के बारे में लिखिए।

6. 'मनुष्यता' कविता में कवि ने सबको एक साथ एक होकर चलने की प्रेरणा क्यों दी है? इसके क्या लाभ है? स्पष्ट कीजिए।
7. महा विभूति किसे कहा गया है और क्यों?

### Poem 5: पर्वत परदेश में पावस

1. 'सहस दृग-सुमन' से क्या तात्पर्य है? कवि ने इस पद का प्रयोग किसके लिए किया होगा?
2. पावस ऋतू में पर्वत प्रदेश का रूप क्यों परिवर्तित हो जाता है?
3. 'पर्वत प्रदेश में पावस' के आधार पर 'है टूट पड़ा भू पर अंबर' पंक्ति का भाव स्पष्ट कीजिए।
4. शाल-वृक्षों के डरने का कारण स्पष्ट कीजिए।
5. कवि ने 'राव शेष रह गए निर्झर'क्यों कहा है? स्पष्ट कीजिए।
6. वर्षाऋतू में इंद्र की जादूगरी के दो उदहारण दीजिए।
7. कवि ने तालाब की समानता किसके साथ दिखाई है और क्यों?

### Poem 6: तोप

1. विरासत में मिली चीजों की बड़ी संभाल क्यों होती है? स्पष्ट कीजिए।
2. कंपनी बाग में रखी तोप क्या सीख देती है?
3. चिड़ियाँ तोप क्या लाभ उठाती है?
4. तोप अपना परिचय किस रूप में देती है- अपने शब्दों में लिखिए।
5. तोप और चिड़ियाँ किसके प्रतीक हैं?
6. तोप अपना महत्त्व किस रूप में बताती है?
7. 'धरोहरों' का क्या महत्त्व है? 'तोप' कविता के आधार पर स्पष्ट कीजिए।
8. किन बातों से लगता है कि तोप निरर्थक हो गई है?

### Poem 7: कर चले हम फ़िदा

1. 'सर हिमालय का हमने न झुकने दिया', इस पंक्ति में हिमालय किस बात का प्रतीक है?
2. क्या इस गीत की कोई ऐतिहासिक पृष्ठभूमि है?
3. 'कर चले हम फ़िदा' कविता में कवि ने 'साथियों' संबोधन का प्रयोग किसके लिए किया है और क्यों?
4. 'कर चले हम फ़िदा' कविता में कवि ने देशवासियों से क्या अपेक्षाएँ रखी हैं? क्या हम उन अपेक्षाओं को पूरा कर रहे हैं? तर्कसहित उत्तर दीजिए।
5. 'कर चले हम फ़िदा' कविता में धरती को दुल्हन क्यों कहा गया है?
6. 'कर चले हम फ़िदा' कविता में खून की रेखा खींचने का क्या तात्पर्य है और 'रावण' शब्द किसके लिए प्रयुक्त किया गया है?

### Poem 8: आत्मत्राण

1. आत्मत्राण शीर्षक की सार्थकता कविता के संदर्भ में स्पष्ट कीजिए।
2. अंत में कवि क्या अनुनय करता है?
3. 'आत्मत्राण' कविता की पंक्ति 'तव मुख पहचानूँ छिन-छिन में' का भाव अपने शब्दों में स्पष्ट कीजिए।
4. 'आत्मत्राण' कविता में कवि किससे और क्या प्रार्थना करता है?
5. 'आत्मत्राण' कविता में कवि की क्या कामनाएँ है? अपने शब्दों में संक्षेप में लिखिए।
6. 'आत्मत्राण' कविता में कवि ने क्या संदेश दिया है?
7. 'आत्मत्राण' कविता में कवि यह क्यों नहीं चाहता की प्रभु उसकी विपत्तियों को दूर करें?

## संचयन

### Chapter 1: हरिहर काका

1. हरिहर काका को मंहत और भाई एक ही श्रेणी के क्यों लगने लगे?
2. ठाकुर बाड़ी के प्रति गाँव वालों के मन में अपार श्रद्धा के जो भाव हैं उससे उनकी किस मनोवृत्ति का पता चलता है?
3. अनपढ़ होते हुए भी हरिहर काका दुनिया की बेहतर समझ रखते हैं। कहानी के आधार पर स्पष्ट कीजिए।
4. कहानी के आधार पर स्पष्ट कीजिए कि लेखक ने यह क्यों कहा, "अज्ञान की स्थिति में ही मनुष्य मृत्यु से डरते हैं। ज्ञान होने के बाद तो आदमी आवश्यकता पड़ने पर मृत्यु को वरण करने के लिए तैयार हो जाता है।"
5. हरिहर काका के गाँव में यदि मीडिया की पहुँच होती तो उनकी क्या स्थिति होती? अपने शब्दों में लिखिए।
6. संयुक्त परिवार में सुखपूर्वक रहने के लिए आप किन-किन जीवन मूल्यों को आवश्यक मानते हैं और क्यों? ' हरिहर काका' पाठ के आलोक में उत्तर दीजिए।
7. महंत द्वारा हरिहर काका का अपहरण महंत के चरित्र की किस सच्चाई को सामने लाता है तथा आपके मन में ठाकुरबारी जैसी संस्थाओं के प्रति कैसी धारणा बनती है? बताइए।
8. 'संपत्ति के लिए अपने भी पराये बन जाते हैं' 'हरिहर काका' कहानी के आधार पर सिद्ध कीजिए।

### Chapter 2: सपनों के-से दिन

1. कोई भी भाषा आपसी व्यवहार में बाधा नहीं बनती - पाठ के किस अंश से यह सिद्ध होता हैं?
2. लेखक के अनुसार उन्हें स्कूल खुशी से भागे जाने की जगह न लगने पर भी कब और क्यों उन्हें स्कूल जाना अच्छा लगने लगा?

3. 'सपनों के से दिन' पाठ के आधार पर लिखिए कि अभिभावकों को बच्चों की पढ़ाई में रूचि क्यों नहीं थी? पढ़ाई को व्यर्थ समझने में उनके क्या तर्क थे? स्पष्ट कीजिए।
4. 'सपनों के से दिन' पाठ में लेखक को स्कूल जाने का उत्साह नहीं होता था, क्यों? फिर भी ऐसी कौन-सी बात थी जिस कारण उसे स्कूल जाना अच्छा लगने लगा? कारण-सहित स्पष्ट कीजिए।
5. 'भाषा आपसी व्यवहार में बाधा नहीं बनती' 'सपनों के से दिन' पाठ के आधार पर सिद्ध करें।
6. 'सपनों के से दिन' पाठ के आधार पर बताइए कि बच्चों का खेलकूद में अधिक रूचि लेना अभिभावकों को अप्रिय क्यों लगता था। पढ़ाई के साथ खेलों का छात्र जीवन में क्या महत्त्व है और इससे किन जीवन-मूल्यों की प्रेरणा मिलती है? स्पष्ट कीजिए।

### Chapter 3: टोपी शुक्ला

1. इफ़्फ़न टोपी शुक्ला की कहानी का महत्त्वपूर्ण हिस्सा किस तरह से है?
2. "अम्मी" शब्द पर टोपी के घरवालों की क्या प्रतिक्रिया हुई?
3. जीवन मूल्यों के आधार पर टोपी और इफ़्फ़न के संबंधों की समीक्षा कीजिए।
4. 'अलग-अलग धर्म और जाति मानवीय रिश्तों में बाधक नहीं होते।' 'टोपी शुक्ला' पाठ के आलोक में प्रतिपादित कीजिए।
5. टोपी एक सुविधा-संपन्न परिवार से होने के बावजूद इफ़्फ़न की हवेली की तरफ क्यों खिंचा चला जाता था?
6. इफ़्फ़न की दादी 'मिली-जुली संस्कृति' में विश्वास रखती थी ये किन बातों से पता चलता है?
7. पढ़ाई में तेज़ होने पर भी कक्षा में दो बार फेल हो जाने पर टोपी के साथ

घर पर या विद्यालय में जो व्यवहार हुआ उस पर मानवीय-मूल्यों की दृष्टि से टिप्पणी कीजिए।

8. घर वालों के मना करने पर भी टोपी का लगाव इफ़्फ़न के घर और दादी से क्यों था? दोनों के अनजान, अटूट रिश्ते के बारे में मानवीय मूल्यों की दृष्टि से अपने विचार लिखिए।
9. टोपी नवीं कक्षा में दो बार फेल हो गया।एक ही कक्षा में दो-दो बार बैठने से टोपी को किन भावनात्मक चुनौतियों का सामना करना पड़ा होगा? उसकी भावनात्मक परेशानियों को ध्यान में रखते हुए शिक्षा व्यवस्था में आपके विचार से क्या परिवर्तन होने चाहिए? तर्क-सहित उत्तर दीजिए।

"YOU NEED MORE? WE'VE GOT MANY!"

DOUBT SOLVING

Instant: Live Chat
Elaborate : Ask The Expert

WEBINAR 'JUST FOR YOU!'

For The Users Who Have Bought Our Packages

PAST YEAR PAPERS

TEXTBOOK SOLUTIONS

TOPPER LEARNING
Get More Marks